# टेक्सटाइल हब बनेगा यूपी : योगी

## पीएम मित्र पार्क के लिए हुए ₹700 करोड़ के दो MoU

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

NBT

लखनऊ में शनिवार को आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में सीएम योगी ने निवेशकों को बांटी ₹210 करोड़ की प्रोत्साहन राशि।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को निवेशकों से कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। न केवल यूपी बल्कि नेपाल, भूटान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड की बड़ी आबादी अपनी आवश्यकताओं के लिए यूपी पर निर्भर है। लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1,000 एकड़ में पीएम मित्र योजना के तहत बनने वाले मेगा टेक्सटाइल ऐंड अपैरल पार्क की स्थापना के लिए शनिवार को हुई इन्वेस्टर्स मीट में योगी निवेशकों से रू-ब-रू हुए। उन्होंने राज्य के वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 उद्यमियों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। इस मौके पर 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू भी साइन किए गए।

कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि पीएम मित्र पार्क के जरिए 50 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। योगी ने कहा कि हमने डीबीटी के जरिए सभी निवेशकों के खातों में रकम भेजी है। लेकिन मंच पर सम्मान करके हम यह संदेश देना चाहते हैं कि हमारी नीतियां केवल घोषणा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका ईमानदारी से क्रियान्वयन भी होता है। उन्होंने कहा कि यह इन्वेस्टर्स मीट यूपी को टेक्सटाइल हब बनाने में सहायक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ने गुजरात के सूरत को टेक्सटाइल हब बनाया। अब इस विजन को देशभर में लागू करने के लिए सात पीएम मित्र पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से एक लखनऊ में है। यह देश का एकमात्र पीएम मित्र पार्क है जो किसी राज्य की राजधानी में स्थापित हो रहा है।